झारखण्ड लोक सेवा आयोग,
सर्कुलर रोड, राँची।

प्रेस विज्ञप्ति

झारखण्ड पशुपालन सेवा के पशुचिकित्सक (मूल स्तर) के पद पर सीधी भर्त्ती नियुक्ति परीक्षा (विज्ञापन संख्या–04/2021) के संबंध में आवश्यक सूचना।

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि झारखण्ड पशुपालन सेवा के पशुचिकित्सक (मूल स्तर) के पद पर सीधी भर्त्ती नियुक्ति परीक्षा (विज्ञापन संख्या–04/2021) के आवेदकों से दिनांक–18.11.2022 को निर्गत प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन में किये गये दावे के अनुरूप **निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट/हाथों–हाथ वांछित प्रमाण पत्रों/अभिलेखों की स्वअभिप्रमाणित प्रति आयोग कार्यालय में दिनांक–02.12.2022 संध्या–5:00 बजे तक** अनिवार्य रूप से समर्पित करने का निदेश दिया गया है।

2. **आवेदकों का पुनः ध्यानाकृष्ट कराते हुए सूचित करना है कि अंतिम निर्धारित तिथि एवं समय के उपरान्त प्राप्त दस्तावेजों पर विचार नहीं किया जायेगा।**

3. पूर्व में निर्गत प्रेस विज्ञप्ति में उल्लिखित शेष शर्तें यथावत् रहेंगी।

4. यह प्रेस विज्ञप्ति आयोग के वेबसाईट **www.jpsc.gov.in** पर उपलब्ध है।

ह0/–
परीक्षा नियंत्रक,
झारखण्ड लोक सेवा आयोग, राँची।